आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा– भारत ने वर्ष 2030 तक 300 बिलियन जैव अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है।
- द्वीपसमूह में ग्राम सभा निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में जनवरी दो हजार पच्चीस में जारी मतदाता सूची में संशोधन किया जाएगा।
- वेवएक्स स्टार्टअप चैलेंज के लिए प्रोटोटाइप जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है।
- ननकौड़ी ब्लॉक में अट्ठाईस जुलाई को पहचान एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन जाएगा।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि भारत ने वर्ष 2030 तक 300 बिलियन जैव अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि देश की जैव प्रौद्योगिकी व्यवस्था ने एक दशक में तेजी से प्रगति की है और 50 स्टार्टअप से बढ़कर अब लगभग 11 हजार हो गए हैं। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने जैव प्रौद्योगिकी में युवा प्रतिभाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों को आसानी से उनकी रुचि के विषयों का अध्ययन करने में सहायता करेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ग्राम सभा निर्वाचन क्षेत्रों के संबंध में जनवरी दो हजार पच्चीस में जारी मतदाता सूचियों को संशोधित किया जाएगा। इस सिलसिले में 14 जुलाई तक ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की जाएगी। 15 से 17 जुलाई के बीच ड्राफ्ट रोल की छपाई, 18 जुलाई को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में सुझाव और आपत्तियां 19 जुलाई से 2 अगस्त तक दर्ज की जा सकती है। सुझाव और आपत्तियों का निपटान 04 से 7 अगस्त तक किया जाएगा। 8 से 11 अगस्त के बीच मतदाता सूची तैयार कर प्रकाशित किया जाएगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 अगस्त को निर्धारित किया गया है। दावे और आपत्तियाँ संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों द्वारा नियुक्त नामित अधिकारियों के पास जमा की जा सकती है।

<><><><><><><>

सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जंगलीघाट में निशुल्क योग कक्षा पुनः शुरू किया गया है। एक जनवरी दो हजार दस को या उसके बाद जन्मे स्कूली बच्चे इस कक्षा में भाग लेने के पात्र हैं। इस सिलसिले में, श्री विजयपुरम क्षेत्र के सभी संस्थान प्रमुखों, अभिभावकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों से बच्चों को दोपहर 3 बजे से रविवार और छुट्टियों को छोड़कर प्रतिदिन कोचिंग कक्षा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया है। इस कक्षा में योग ओलंपियाड प्रतियोगिता पाठ्यक्रम, एस जी एफ आई योग प्रतियोगिता पाठ्यक्रम शामिल हैं।

<><><><><><><>

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राह—वीर योजना को अधिसूचित किया है। मंत्रालय ने योजना के तहत नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र के माध्यम से वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। इस योजना के तहत, राह—वीर —गुड सेमेरिटन को वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसने तत्काल सहायता प्रदान करके दुर्घटना पीड़ित को समय के भीतर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सा उपचार प्रदान कर जान बचाई हो। प्रत्येक राह—वीर के लिए पीड़ितों की मदद करने के लिए 25,000 रुपये नकद पुरस्कार के साथ ”प्रशंसा प्रमाणपत्र” दिया जाएगा। इसके अलावा सबसे योग्य राह—वीर को 10 राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। भारतीय संविधान की धारा 134ए के तहत प्रावधान में किसी भी राह—वीर को उनकी सहमति के बिना किसी भी कानूनी कार्यवाही के अधीन नहीं किया जाएगा। नियमों के तहत राह—वीर को प्रदान की गई सुरक्षा के किसी भी उल्लंघन के मामले में, वह जिला उपाध्यक्ष और जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में यूटी की शिकायत निवारण समिति से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी परिवहन विभाग या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अपने प्रमुख स्टार्टअप एक्सेलेरेटर कार्यक्रम वेवएक्स के तहत वेवएक्स स्टार्टअप चैलेंज 2025 के लिए प्रोटोटाइप जमा करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। देश भर के स्टार्टअप एआई—संचालित बहुभाषी अनुवाद समाधान विकसित करने के लिए राष्ट्रीय हैकथॉन में भाग ले सकते हैं। मंत्रालय के अनुसार, 'भाषा सेतु — भारत के लिए वास्तविक समय की भाषा तकनीक' नामक इस चुनौती का उद्देश्य कम से कम 12 प्रमुख भारतीय भाषाओं में वास्तविक समय में अनुवाद, लिप्यंतरण और आवाज

स्थानीयकरण में सक्षम अभिनव कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों के विकास को प्रोत्साहित करना है। इस पहल का उद्देश्य समावेशी, सुलभ और भावना–जागरूक संचार तकनीकों को बढ़ावा देना है। विजेता स्टार्टअप को वेवएक्स एक्सेलेरेटर के तहत इनक्यूबेशन सहायता प्रदान की जाएगी। इच्छुक स्टार्टअप आधिकारिक WAVEX पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, श्री विजयपुरम की ओर से अट्ठाईस जुलाई को ननकौड़ी ब्लॉक में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत पहचान एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ननकौड़ी ब्लॉक के स्कूलों में नए संदिग्ध बच्चों की पहचान करना और पहले से पहचाने गए विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को सहायक उपकरण जारी करना है। शिविर का आयोजन सहायक शिक्षा कार्यालय, ननकौड़ी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कपंगा, में किया जाएगा। इस शिविर में लाभार्थियों को चालीस प्रतिशत से अधिक वाले विकलांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट आकार की फोटो, निरामय–स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए राशन कार्ड के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। न्यायालय ने दिव्यांगजनों, भूतपूर्व सैनिकों और स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को भी आरक्षण प्रदान किया है। एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने सर्वोच्च न्यायालय के गैर–न्यायिक कर्मचारियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की भर्ती के लिए रोस्टर प्रणाली के कार्यान्वयन की पहल की है। पार्टी ने मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई द्वारा भर्ती नियमों में संशोधन करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि गैर–न्यायिक न्यायालय कर्मचारियों की नियुक्ति में इस लंबे समय से प्रतीक्षित और महत्वपूर्ण सुधार को सुगम बनाया जा सकता है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की सभी कार्यक्रमों में पन्द्रह जुलाई तक पुनः पंजीकरण किया जा सकता है। इच्छुक छात्र इग्नू पुनः पंजीकरण पोर्टल पर जाकर अगले वर्ष या सेमेस्टर के लिए पुनः

पंजीकरण फॉर्म जमा कर ऑनलाइन भुगतान कर सकता है। इसके अलावा जुलाई सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। छात्र अपने आवेदन पत्र प्रवेश पोर्टल पर जमा कर सकते हैं। नए प्रवेश के लिए छात्रों को डीईबी आईडी बनाने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर में यूजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई है। इच्छुक उम्मीदवार सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। उम्मीदवारों के लिए यह अंतिम मौका है।

<><><><><><><>

सैन्य विमानों द्वारा फायरिंग अभ्यास आज, पन्द्रह, बाईस और उनतीस जुलाई को दोपहर दो से शाम चार बजे तक किया जाएगा। सभी संबंधितों को अभ्यास के दौरान वाहन, मवेशियों और खुद को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>